Pol.sc Part "B" A.B.M. college Golmuri

classmate

Date
Page

# स्वतंत्रता के समय से भारतीय राजनीति

## Ch-1 Modal Question Set-1

## "एक दलीय प्रभुत्व का दौर"

Objective type questions :—

1) 1967 तक भारत में किस प्रकार की दलीय व्यवस्था थी?

Ans ⇒ एकल - आधिपत्यशाली दल व्यवस्था।

2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने किस प्रकार का समाजवाद अपनाया?

Ans ⇒ ब्रिटेन का लोकतांत्रिक समाजवाद।

3) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस नेता ने दो बार अपनी पार्टी और उसका पुनर्निर्माण किया?

Ans ⇒ श्री मती इंदिरा गांधी।

4) 1967 के बाद कांग्रेस की आधिपत्यशाली स्थिति के पतन का कौन-सा कारण नहीं था?

Ans ⇒ समयानुकूल विचार स्थापना का न होना।

5) 1967 के चौथे चुनाव के बाद कांग्रेस के आधिपत्य के तेजी से पतन में किस तत्व ने प्रबल भूमिका निभाई थी?

Ans ⇒ राजनीतिक दल-बदल।

Scanned by CamScanner

Part 'B' Chr 1

classmate Date ____ Page ____

6) 1971 में कौन 'महान गठबंधन' का क्या उद्देश्य था

Ans → इंदिरा हटाओ ।

7) भारत के प्रथम गैर कांग्रेसी प्रधान मंत्री कौन थे

Ans → मोरार जी देसाई ।

8) कांग्रेस का विभाजन किस वर्ष हुआ ?

Ans → 1967

9) प्रथम आम चुनाव में निम्नलिखित में से किस प्रान्त में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं हुआ था ?

Ans → उड़ीसा ।

10) धारा 370 का संबंध किस प्रदेश से था ?

Ans → जम्मू और कश्मीर ।

11) पाँच सूत्री कार्यक्रम की शुरुआत किसके द्वारा की गई थी ?

Ans → पंडित जवाहरलाल नेहरू ।

12) स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन

Ans → सी० राजगोपालाचारी ।

13) भारत के प्रथम शिक्षामंत्री कौन थे ?

Ans → मौलाना अबुल कलाम आजाद ।

Scanned by CamScanner

Part -'B' Ch- 1

classmate
Date
Page

## Short Answers

Q 1) एकल आधिपत्य शाली व्यवस्था का क्या अर्थ है?

Ans => देश में कई पार्टियाँ होती है किंतु सत्ता किसी एक बहुत विशाल पार्टी के पास होती है, अतः अन्य पार्टियाँ सत्ता में भागीदारी नहीं कर सकती। ऐसी व्यवस्था को एकल आधिपत्यशाली व्यवस्था कहा जाता है।

Q2) लोकतंत्र को प्रतिनिधि शासन क्यों कहा जाता है?

Ans => लोकतंत्र शासन व्यवस्था में जनता अपनी शक्ति अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों को सौंप देती है जो अपने निर्वाचकों के हितों की रक्षा करते है तथा उनके प्रति हमेशा उत्तरदायी होते हैं।

Q 3) गठबंधन सरकार किसे कहते है?

Ans => चुनाव के दौरान जब किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं होता है, तब ऐसी अवस्था में कई पार्टियाँ मिलकर संसद या उसके लोकप्रिय सदन में अपना स्पष्ट बहुमत बनाकर सरकार बनाती है तथा उनका साझा नेता प्रधानमंत्री बनता है।

Scanned by CamScanner

Part - 'B' ch - 1

classmate
Date ________
Page ________

Q 4) भारत में चुनाव आयोग का गठन कब हुआ? इसके प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?

Ans → भारत में चुनाव आयोग का गठन जनवरी 1950 में हुआ था। इस आयोग के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम सुकुमार सेन था।

Q 5) वामपंथी दल से क्या तात्पर्य है?

Ans → वामपंथी दल से तात्पर्य एक ऐसे दल से है जो वर्तमान स्थिति को बदलकर नयी स्थिति लाना चाहता है, ताकि समाज के दुर्बल, पिछड़े, शोषित, दलित व विपन्न वर्गों का कल्याण हो सके।

Q 6) कामराज योजना का क्या उद्देश्य था?

Ans → इस योजना का उद्देश्य यह था कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण सरकारी पदों को छोड़कर संगठन में काम करें, ताकि पार्टी को पुनः ऊपर उठाया जा सके।

Q 7 भारत में निर्वाचन कराने का उत्तरदायित्व किस पर है?

Ans → भारत में निर्वाचन कराने का उत्तरदायित्व निर्वाचन आयोग का है।

Scanned by CamScanner